छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउन्सिल
पुराना नर्सेस हॉस्टल, संचालनालय चिकित्सा शिक्षा
रायपुर, छत्तीसगढ़

फोन नं. 0771–2225204 ईमेल snrc.cg@gmail.com, वेबसाइट www.cgnrc.org

क्रमांक / रजि0 नर्सिंग कां0 / एन.आर.टी.एस. / 2021 / 2385 रायपुर, दिनांक 6 / 7 / 2021

प्रति,

प्राचार्य
समस्त शासकीय / निजी नर्सिंग संस्थान
छत्तीसगढ़

विषय :– एन.आर.टी.एस. परियोजना के तहत् प्रायमरी रजिस्ट्रेशन प्रारंभ करने बाबत्।
संदर्भः– भारतीय उपचर्या परिषद् नई दिल्ली के ऑनलाईन ट्रेनिंग दिनांक 29 / 06 / 2021।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा संचालित नर्सेस रजिस्ट्रेशन एंड ट्रेकिंग सिस्टम परियोजना (NRTS Project) के तहत इस राज्य में संचालित समस्त शासकीय / निजी नर्सिंग संस्थाओं को प्रायमरी रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया जाना है।

उक्त के परिपेक्ष्य में भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली द्वारा ऑनलाईन ट्रेनिंग दिनांक 29 / 06 / 2021 को संपन्न किया गया। जिसमें राज्य में संचालित समस्त नर्सिंग संस्थाओं को आमंत्रित किया गया था। उक्त ट्रेनिंग में समस्त संस्थाओं को एन.आर.टी.एस. के तहत् प्रायमरी रजिस्ट्रेशन संपन्न करने व उससे संबंधित समस्त जानकारी प्रदान किया गया। एन.आर. टी.एस. की वेबसाइट में यूजर मेनुअल डाउनलोड कर प्रायमरी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया संपन्न किया जा सकता है। **ज्ञात हो कि प्रायमरी रजिस्ट्रेशन नर्सिंग परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों का ही करना है।**

अतः राज्य में संचालित समस्त नर्सिंग संस्थाओं को निर्देशित किया जाता है कि एन.आर.टी.एस. परियोजना के तहत् प्रायमरी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया प्रारंभ करना अनिवार्य है। कृपया प्रायमरी रजिस्ट्रेशन प्रारंभ कर इस कार्यालय को सूचित करे। **(एन.आर.टी.एस. हेल्पलाइन नंबर 0771–2225204)**

Vhanninya 06/7/2021
रजिस्ट्रार
छ.ग. नर्सेस रजि. काउन्सिल
रायपुर, छत्तीसगढ़

क्रमांक / रजि0 नर्सिंग कां0 / एन.आर.टी.एस. / 2021 / 2386 रायपुर, दिनांक 6 / 7 / 2021
प्रतिलिपिः–

1. संयुक्त सचिव, भारतीय उपचर्या परिषद्, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ।

Vhanninya
रजिस्ट्रार
छ.ग. नर्सेस रजि. काउन्सिल
रायपुर, छत्तीसगढ़

o/c